जनपद हमीरपुर

थाना चिकासी दिनांक 19.11.2026

थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 268/2026 धारा- 115(2)/352/351(3) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में।

घटना का विवरण-

अवगत कराना है कि दिनांक 17.11.2026 को विजय कुमार पुत्र रामलाल निवासी ग्राम पतारा, थाना कुरारा, जनपद हमीरपुर के साथ बस स्टैंड हमीरपुर पर बलराम पुत्र बृजलाल निवासी ग्राम झलोखर, थाना कुरारा, जनपद हमीरपुर द्वारा मारपीट की गई थी। उक्त घटना के संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर दिनांक 18.11.2026 को थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 268/2026 धारा 115(2)/352/351(3) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था।

पुलिस कार्यवाही-

उक्त मुकदमे की रंजिश को लेकर आज दिनांक 19.11.2026 को जीजीआईसी स्कूल के पास थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में अभियुक्त बलराम पुनः वादी के साथ झगड़ा करने एवं शांति व्यवस्था भंग करने पर आमादा हो गया। सूचना पर थाना कोतवाली नगर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तथा अभियुक्त को काफी समझाने-बुझाने का प्रयास किया गया, किन्तु उसके न मानने एवं लगातार उत्तेजित रहने के कारण शांति व्यवस्था भंग होने की प्रबल आशंका के दृष्टिगत अभियुक्त बलराम को धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अंतर्गत पुलिस हिरासत में लिया गया। अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही के उपरांत उपजिलाधिकारी के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तारी का स्थान-

जीजीआईसी स्कूल के पास, थाना कोतवाली नगर, जनपद हमीरपुर।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

बलराम पुत्र बृजलाल, उम्र करीब 30 वर्ष, निवासी ग्राम झलोखर, थाना कुरारा, जनपद हमीरपुर।

पुलिस टीम-

1.प्र0नि0 विनोद कुमार।
2.का0 विशाल यादव।
3.म0का0 तनू सिंह।

